तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 24 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 विद्युत विभाग की भूमि में अवैध अतिक्रमण के कारण अटका 33 केवी फीडर विस्तार का कार्य



KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7403049387

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (2 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT
OT Technician | X-Ray Technician
7772963125, 9039511123

# चुपके-चुपके सरगुजा पहुंचा मानसून, छाने के बाद बढ़ गया आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को चुपके-चुपके मानसून पहुंचा एवं शहर सहित लगभग पूरे सरगुजा संभाग में छा गया। मानसून के दस्तक देने के साथ ही अब वर्षा ऋतु की झमाझम बारिश होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस बार मानसून अपने सामान्य तिथि से पांच दिन पहले सुकमा पहुंच गया था लेकिन दक्षिण छत्तीसगढ़ से उत्तरी छोर पर बसे सरगुजा तक पहुंचने में एक पखवाड़े का समय लग गया।

मानसून इस बार केरल में अपने सामान्य तिथि से दो दिन पूर्व एवं छत्तीसगढ़ में पांच दिन पूर्व पहुंचा था। मानसून की तेज रफ्तार देखकर मौसम विज्ञानी सरगुजा में इसके निर्धारित समय के पूर्व पहुंचने का अनुमान लगा रहे थे लेकिन विपरीत परिस्थितियां निर्मित होने के कारण मानसून की गति शिथिल हो गई तथा 10 दिनों तक यह सुकमा में ही अटका रहा। इधर खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र नहीं बनने के कारण मानसून के बंगाल की खाड़ी का उत्तरी छोर पर लम्बे समय तक असहाय बना रहा। बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां बनने एवं बाधा बने कारकों के कमजोर पड़ने के बाद मानसून ने गति पकड़ी एवं पूरे तीन दिन छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में छाने के बाद रविवार को पूरे सरगुजा रविवार को पूरे सरगुजा संभाग में छाने के साथ ही मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की ओर अग्रसर हो गया। अभी भी मानसून यूपी से सटे वाड्रफनगर एवं रामानुजगंज के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी नहीं हुआ है। मौसम विज्ञानी देर रात तक मानसून के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावशील होने के साथ ही एमपी, यूपी की ओर गतिशील ⏭ शेष पेज 4 पर

## अनुकूल परिस्थितियां नहीं बनने के कारण पहुंचा देर से, 26,27 जून को झमाझम वर्षा होने का अनुमान

### पछुआ विक्षोभ बना बाधा

इस बार पछुआ विक्षोभ की सक्रियता मानसून की राह में बड़ी बाधा साबित हुआ। जून के महीने में एक के बाद एक लगातार तीन पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुए। इनमें एक विक्षोभ काफी ताकतवर था जिसका प्रभाव मध्यप्रदेश एवं सरगुजा संभाग तक पहुंचा। विक्षोभ का प्रभाव मानसून को लम्बे समय तक सुकमा में रोके रहा। बंगाल की खाड़ी में हलचल नहीं होने के कारण भी लम्बे समय तक मानसून गतिहीन बना रहा। अब खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने से मानसून ने फिर से गति पकड़ ली है तथा तेजी से अपने गंतव्य की ओर अग्रसर हो गया है। खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने से अब अच्छी वर्षा होने का अनुमान है।

### सरगुजा में 70 फीसदी कम वर्षा

सरगुजा में जून महीने में औसत 221.1 मिमी एवं 21 जून तक 112.5 मिमी वर्षा होती है। इस बार जून में काफी कम वर्षा हुई है। मौसम अधिकारियों के अनुसार अब तक सरगुजा में 112.5 मिमी की जगह मात्र 29.5 मिमी वर्षा हुई जो सामान्य से 74 फिसदी कम है। इसी तरह सूरजपुर में 100.5 मिमी की जगह 58.7 मिमी वर्षा एवं बलरामपुर में 71.4 मिमी की जगह 30.6 मिमी वर्षा हुई है। सूरजपुर में सामान्य से 42 फीसदी एवं बलरामपुर में 57 फीसदी कम वर्षा हुई है। मौसम विज्ञानी जून के शेष बचे दिनों में अच्छी वर्षा होने के साथ ही कमी पूरी होने का अनुमान लगा रहे हैं।

### पूरे छग में प्रभावी

सरगुजा संभाग के साथ ही मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी हो गया है तथा मानूसनी हवाएं एमपी, यूपी एवं बिहार की ओर अग्रसर है। खाड़ी में बन रही अनुकूल परिस्थितियों के प्रभाव से 26,27 जून को उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी

### 6 दिन विलम्ब से हुई दस्तक

सरगुजा में मानसून की सामान्य तिथि 15 जून है। इसके बाद मानसून 6 दिन विलम्ब से सरगुजा पहुंचा। हालांकि उत्तरी छत्तीसगढ़ में दो दिनों पूर्व से ही मानसून की प्रारम्भिक हवाएं प्रभावी थी तथा हवा की दिशा भी पूर्व एवं दक्षिण पूर्व की बदलनी शुरू हो गई थी। इसके पूर्व दिन में पश्चिमोत्तर एवं रात में पूर्वी हवा चल रही थी। विक्षोभ के प्रभाव से भी लगातार हवा की दिशा में बदलाव हो रहा था। इसके पूर्व मानसून वर्ष 2020 में 14 जून, वर्ष 2021 में 13 जून, 2022 में 17 जून, 2023 में 24 जून को सरगुजा पहुंचा था। पिछले साल मानसून पूर्व की वर्षा नहीं होने के कारण खेती की तैयारियां शिथिल थीं इस बार मानसून पूर्व की अच्छी वर्षा होने के कारण खरीफ खेती की तैयारियां जोरों पर है।

## नवीन भवन में स्थापित करने की थी योजना

# दो वर्षों से कचरे के ढेर में पड़ा है लिक्विड ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- फिलहाल अस्पताल ही अधूरा, जंग खा रहे उपकरण

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाखों रुपए की लागत से लाकर रखा गया लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट अब कबाड़ में तब्दील होता नजर आ रहा है। विगत दो ढाई वर्षों से ऑक्सीजन प्लांट का मुख्य उपकरण खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।

आलम यह है कि अब इस प्लांट के टैंक में जंग लगने की नौबत आ गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मेडिकल कॉलेज की मुख्य बिल्डिंग का निर्माण होने के बाद इस प्लांट की स्थापना की जानी है लेकिन फिलहाल भवन का काम बंद पड़ा है ऐसे में सवाल यही है कि कॉलेज का अपस्ताल भवन बनने तक यह उपकरण ऐसे ही खुले आसमान के नीचे कचरे के ढेर में पड़े रहेगा।

बता दें कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान देशभर में सबसे ज्यादा किल्लत ऑक्सीजन की थी। ऑक्सीजन की कमी से देश के कई अस्पतालों में कोहराम मचा रहा। ऐसे में सरगुजा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी ऑक्सीजन की आपूर्ति को लेकर प्रयास किए जा रहे थे और इसी प्रयास के बदौलत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक साथ चार ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किए गए थे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सबसे पहले शासन से 840 एलपीएम का एक ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किया गया था। इसके बाद एक्ट ग्रांट संस्था द्वारा 430 एलपीएम व डॉक्टर फॉर यू संस्था द्वारा 320 एलपीएम के दो छोटे प्लांट अस्पताल प्रबंधन को दान में दिए गए थे। जबकि बाद में डीआरडीओ द्वारा 1 हजार एलपीएम का एक प्लांट स्थापित किया गया था। ये सभी ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट बाहर से हवा लेकर उससे ऑक्सीजन बना सकते है। इस बीच मेडिकल कॉलेज को 1 हजार एलपीएम का एक और लिक्विड ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट मिला था लेकिन पहले से ही चार प्लांट होने के कारण इस प्लांट को मेडिकल कॉलेज की नवीन बिल्डिंग में स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट के आधे उपकरण मेडिकल कॉलेज के पुराने प्रशासनिक भवन परिसर में पड़े हुए थे जबकि मुख्य टंकी अस्पताल परिसर में रखवाई गई थी। दो वर्षों से अधिक का समय बीत जाने के बाद आज भी उक्त ऑक्सीजन प्लांट की टंकी अस्पताल में ही खुले आसमान के नीचे कचरे के ढेर में पड़ी हुई है और इसके चारों ओर कचरा पड़ा हुआ है। यदि ऐसा ही हाल रहा तो आने वाले समय में पानी, धूप के कारण टंकी में जंग लगने के साथ ही अन्य खामियां भी आ सकती है और जब प्लांट को स्थापित करने बारी आएगी तो टंकी अनुपयोगी हो चुकी होगी।



खुले आसमान के नीचे पड़ा लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट का टैंक।

### 500 बेड में एक साथ सप्लाई की क्षमता

इस लिक्विड ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की क्षमता 1 हजार एलपीएम है। जानकारों का मानना है कि उक्त मशीन से एक साथ 500 से अधिक बिस्तरों के अस्पताल में ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा सकती है। यही वजह है कि मशीन को मेडिकल कॉलेज के नवीन भवन के लिए आरक्षित कर लिया गया था लेकिन वर्तमान में तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन काम ही अधूरा पड़ा हुआ है। राशि के आभाव में एक वर्ष से निर्माण बंद पड़ा है और शासन से फिलहाल कोई राशि मिलने के संकेत नहीं नजर आ रहे है ऐसे में यह ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट भी तब तक खुले आसमान के नीचे ही पड़ा रहेगा।

### नवीन अस्पताल भवन के लिए प्लांट

लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवीन भवन में लगाया जाना है। फिलहाल भवन का काम अधूरा है। अस्पताल भवन का काम पूर्ण होने के बाद उस प्लांट की स्थापना की जाएगी।

-डॉ. आर मूर्ति, अधिष्ठाता



# साप्ताहिक बाजार में नष्ट किया गया 500 लीटर से अधिक हड़िया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- महिलाओं को थाना प्रभारी ने दी समझाइश

साप्ताहिक बाजार में खुलेआम हड़िया बेचने के मामले में आज पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आज साप्ताहिक बाजार में दो दर्जन से अधिक महिलाओं द्वारा लाए गए 500 लीटर से अधिक हड़िया शराब को जब्त कर नष्ट किया गया। इसके साथ ही उन्हें एक माह तक हड़िया नहीं बेचने की समझाइस दी गई है।

बता दें कि नगर के साप्ताहिक बाजार के आस पास मौजूद खाली जमीन मांस, मछली की दुकानें लगती है इसके साथ ही बड़े पैमाने पर हड़िया की बिक्री की जाती है। साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्रामीण जमकर हड़िया पीते है। वर्षों से चल रहे इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए नवपदस्थ थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने आज कार्रवाई की है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने दो दर्जन से अधिक महिलाओं द्वारा बेचने के लिए लाए गए 500 लीटर हड़िया को जब्त करने के साथ ही उन्हें नष्ट किया गया। इसके साथ ही थाना प्रभारी ने महिलाओं को हिदायत दी कि एक माह तक वे हड़िया बेचने नहीं आएंगी तभी उनके बर्तन व अन्य सामान वापस किए जाएंगे। इस कार्रवाई में सउनि राकेश पैकरा, प्रधान रक्षक श्यामलाल भगत, आरक्षक रिंकू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### बस स्टैंड में फिर से शुरू होगा पुलिस सहायता केंद्र

नवपदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक भारद्वाज सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नगर की शांति व्यवस्था एवं अन्य विषयों पर चर्चा की। थाना प्रभारी ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे के बाद अनावश्यक घूमने वालों पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही ठेके गुमटियों में देर रात तक बैठने, भीड़ लगाने वालों और सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाइए की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर में नशेड़ियों पर अंकुश लगाने के साथ ही साप्ताहिक बाजार में हड़िया शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी ने एनएच 343 व मुख्य मार्गों पर ढाबा, गैरेज के सामने बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले वाहों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही राजपुर बस स्टैंड में पुलिस सहायता केंद्र को फिर से प्रारम्भ कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णुदेव साय आज सरगुजा में



**अंबिकापुर।** प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय सोमवार को सरगुजा के दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 24 जून की सुबह 11.15 बजे रायपुर पुलिस ग्राउंड से हेलीकॉप्टर से सरगुजा के लिए प्रस्थान करेंगे। सीएम 12.25 बजे पीजी कॉलेज मैदान स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और उसके बाद राजमोहिनी देवी भवन में आयोजित विरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आयोजित परिचर्चा व विचार गोष्ठी में शामिल होंगे। सीएम दोपहर 2 बजे राजमोहिनी देवी भवन से प्रस्थान कर 2.10 बजे आकशवाणी चौक स्थित रघुनंदन कॉम्प्लेक्स जाएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम दोपहर ढाई बजे आकाशवाणी चौक से खरसिया रोड स्थित तपस्या निवास जाएंगे और पूर्व डिप्टी सीएम से मुलाकात करेंगे। सीएम दोपहर 3.20 बजे विश्रामगृह पहुंचेंगे फिर 4 बजे हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एटीएम कार्ड बदलकर महिला से 23 हजार की ठगी

**अंबिकापुर।** खलिबा निवासी कांति एक्का पति प्रफुल एक्का अजिरमा एग्रीकल्चर कॉलेज में मजदूर का काम करती है। 17 जून की दोपहर साढ़े बारह बजे वह अजिरमा एसबीआई एटीएम से अपना पैसा निकालने गई हुई थी। एटीएम कार्ड को मशीन में डालने पर पैसा नहीं निकला। इस दौरान पीछे खड़ा एक युवक उसके पास आया और मदद करने के नाम पर एटीएम कार्ड को बदल लिया। इस दौरान उसने महिला का पासवर्ड भी देख लिया लेकिन जब पैसा नहीं निकला तो महिला वापस लौट गई। इसी बीच दोपहर डेढ़ बजे पुनः उसके मोबाइल पर चार बार में 23 हजार 900 रुपए आहरण होने का मैसेज आया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

### देवगढ़ मेला से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** उदयपुर पुलिस ने देवगढ़ मेला से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया पटना के ग्राम टेंगनी निवासी बृज मोहन दास 10 मार्च को अपनी प्लेटीना बाइक क्रमांक सीजी 16 सीडी 2230 से ग्राम देवगढ़ में मेला देखने गया था। इस दौरान युवक ने बाइक को मेला स्थल के बाहर खड़ी किया था। जब युवक वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त चोरी का वाहन तेंदुआ चौक में वाहन मैकेनिक का काम करने वाला नीलू साहू अपने पास छिपाकर रखा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी मूलतः कोरिया के पटना अंतर्गत डांडपारा आंजोकला निवसी 27 वर्षीय नीलू साहू तेंदुआ चौक में रहकर मैकेनिक का काम करता है उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और पूर्व में एमसीबी जिले में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को धारा 379 के तहत गिरफ्तार कर चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- अपने ही झटका मशीन के तार में फंसे किसान, हाईटेंशन तार से जोड़ दिया था किसी ने

खेत में फसलों की जानवरों से रक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तंरगीत तार की चपेट में आकर दो किसानों की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने अपने खेतों की रक्षा के लिए झटका मशीन लगाया था लेकिन उसे हाईटेंशन तार से किसने जोड़ दिया यह अब तक पता नहीं चल पाया है। सुबह खेत में दोनों का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। बड़ी बात यह है कि अब ग्रामीण खुलेआम इस तरह से झटका मशीन का उपयोग कर रहे है और इसकी जानकारी पुलिस व प्रशासन को नहीं है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत तेलसरा चंद्रपुर निवासी 55 वर्षीय घरभरन नेताम व 54 वर्षीय प्राण मार्को पडोसी है और दोनों किसानों ने अपने खेतों में उड़द दाल की बोआई की है।

दोनों ही किसानों ने अपने खेतों की मवेशियों और जंगली जानवरों से रक्षा के लिए चारों ओर तार का जाल बिछाकर झटका मशीन लगाया गया है। आज सुबह दोनों ग्रामीण अपने खेत में लगाए गए उड़द दाल को देखते ने किए गए थे लेकिन वे वापस नहीं लौटे। इस दौरान खेत की तरफ से गुजर रहे ग्रामीणों को दोनों किसानों का शव खेत में पड़ा मिला। ऐसे में उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि ग्रामीणों ने अपने खेतों की रक्षा के लिए झटका मशीन लगाया था लेकिन उसे हाईटेंशन तार से किसने जोड़ दिया यह पता नहीं चल पा रहा है। वहीं ग्रामीण खुलेआम झटका मशीनों का उपयोग कर रहे है जो जांच भविष्य में और भी ख़तरनाक साबित हो सकता है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है।



## कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में किया गया रामगढ़ महोत्सव का समापन

# भगवान राम, माता सीता के चरण सरगुजा में पड़े यह सौभाग्यः राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का भव्य रूप से समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। इस दौरान उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण के चरण सरगुजा में पड़े यह हमारा सौभाग्य है। अयोध्या में भी श्रीराम लला अपने मंदिर में स्थापित हुए हैं। भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। हमें उनके गुणों को आत्मसात करना चाहिए। उनके गुणों से हमें जीवन जीने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास है कि रामगढ़ की भव्यता और बढ़े। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में रामगढ़ महोत्सव को भव्य बनाया जाएगा। हमारा प्रयास होगा महोत्सव को तीन दिन का किया जाए। महोत्सव स्थल पर जरूरी सुविधाओं को पूरा किया जायेगा। ऊपर मंदिर की सीढ़ियां और प्रकाश की व्यवस्था को बेहतर बनाया जायेगा। लुंड्रा विधायक प्रबोध सिंह ने कहा कि रामगढ़ महोत्सव में शोध संगोष्ठी के आयोजन से रामगढ़ की भूमि में श्रीराम के आगमन के विभिन्न प्रमाण मिलते हैं। इस रामगढ़ में उन्होंने समय बिताया जिसके परिणाम है सीता बेंगरा, जोगीमारा गुफाएं और विभिन्न तालाब है। कवि कालिदास ने अपने महाकाव्य मेघदूत की रचना यहां की। इसके महत्व को अक्षुण्ण बनाए रखने रामगढ़ महोत्सव मनाया जा रहा है। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि रामगढ़ महोत्सव में सरगुजा की सांस्कृतिक, और धार्मिक झलक देखने को मिलती है। श्रीराम को जब वनवास मिला, उस दौरान उन्होंने अपना कुछ समय यहां बिताया। हमारा सौभाग्य है कि इस जगह पर आने का सौभाग्य हमें मिलता है। अपर कलेक्टर सुनील नायक ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, डॉ. निलिंप त्रिपाठी, मेजर अनिल सिंह, राजेंद्र जायसवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ आम नागरिक मौजूद थे।



### कलाकारों ने दीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

समापन समारोह में आज स्थानीय व विशेष आमंत्रित कलाकारों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सरगुजिहा लोक गायक संजय सुरिला द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही रायपुर से आए स्वास्तिक नृत्य ग्रुप द्वारा भगवान श्री राम के जीवन प्रसंग पर आधारित नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई वहीं श्री राम बैण्ड ग्रुप के भक्तिमय गीतों ने महोत्सव को राममय किया। इस दौरान मेला स्थल पर सजी दुकानों एवं आकर्षक झूलों का भी लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया।

# सीएम का विवि परिसर निरीक्षण कार्यक्रम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सर्किट हाऊस में अधिकारियों से करेंगे चर्चा

सरगुजा प्रवास के दौरान सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा एसजीजीयू के भकुरा परिसर का प्रस्तावित निरीक्षण खस्ताहाल सड़क एवं सुरक्षा कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में विवि के कुलपति एवं कुलसचिव से चर्चा कर एसजीजीयू की जरूरतों एवं विकास कार्यों की जानकारी लेंगे।

सोमवार को मुख्यमंत्री सरगुजा प्रवास पर रहेंगे तथा जनजाति गौरव समाज द्वारा वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर माता राजमोहिनी देवी भवन में आयोजित विचार गोष्ठी में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के संत गहिरा गुरू के भकुरा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित था। विवि प्रबंधन मुख्यमंत्री के भ्रमण के मद्देनजर परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में व्यस्त था। सीएम के भ्रमण को लेकर उच्च शिक्षा सचिव आर प्रसन्ना भी पहुंच गए थे। रविवार को पुलिस एवं सुरक्षा अधिकारी भकुरा परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे एवं परिसर की खस्ताहाल सड़क एवं भकुरा स्थित सूनसान पहाड़ी पर सुरक्षा कारणों से सीएम के प्रस्तावित भ्रमण को स्थगित कर दिया। अब विवि के अधिकारियों से सर्किट हाउस में सीएम से चर्चा के लिए समय निर्धारित किया है। अधिकारियों से चर्चा कर सीएम विवि की जरूरतों एवं विकास कार्यों की जानकारी लेंगे।

23 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 6/23/2024 9:49 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### हाई मास्क लाइट में सुधार हो

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत बरबसपुर की ग्रामीणों ने कलेक्टर एमसीबी से ग्राम पंचायत में लगाई गई हाई मास्क लाइट सुधरवाने का आग्रह किया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महीने पहले ही लाइट लगवाई गई है ,लेकिन रख-रखाव के अभाव में लाइट खराब पड़ी हुई है, इससे ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। लाइट के साथ ही बिजली का खम्भा भी खराब हो गया है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

### अधिक कीमत पर बिक रहे स्टाम्प

**मनेनद्रगढ़।** शहर में कुछ स्टांप वेंड्रो द्वारा अधिक रूपए लेकर स्टाम्प विक्रय किए जाने की जानकारी मिल रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ स्टाम्प वेंडर मनमाने कीमत पर स्टांप की बिक्री कर रहे हैं। 10 वाला स्टांप पेपर 20 रूपए में, 20 वाला 30 रूपए एवं 50 वाला स्टाम्प 70 रूपए में बिक्री की जा रही है। आमजन का कहना है कि क्या ट्रेजरी और शासन द्वारा इतना अधिक कमीशन रखा गया है, इस पर क्यों कार्रवाई नहीं की जा रही।

### टीईटीः लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर पूछे गए सवाल

**बैकुंठपुर।** छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार को टीईटी और पीपीटी की परीक्षाएं आयोजित की गई। इसके तहत कोरिया जिले के विभिन्न केन्द्रों में दो पलियों में आयोजित परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षाओं को लेकर पहले से ही व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई थी। परीक्षा के समन्वयक ने बताया कि प्रथम पाली के पीपीटी प्रवेश परीक्षा में 3 केन्द्रों में कुल 533 पंजीकृत रहे, इसमें 149 उपस्थित और 384 अनुपस्थित रहे। इसी तरह टीईटी प्राइमरी प्रथम पाली में कुल 10 केन्द्रों में पंजीकृत 2939, उपस्थित 1998, अनुपस्थित 941 रहे। इसी तरह द्वितीय पाली उच्च प्राथमिक के लिए कुल 15 केन्द्रों में पंजीकृत 4029, उपस्थित 2734, अनुपस्थित 1295 परीक्षार्थी रहे।

### पौनी पसारी योजना के तहत हुआ था निर्माण

# सड़क पर सब्जी बाजार, शेड वीरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश सरकार ने पौनी पसारी योजना के तहत नगरीय निकाय क्षेत्र में लाखों खर्च कर बाजार शेड का निर्माण कराया गया है, लेकिन वह बनने के बाद भी आबाद नहीं हो पाया है और इस दिशा में निकाय के द्वारा भी पौनी पसारी बाजार को आबाद करने के लिए प्रयास नहीं किए गए हैं, इसके कारण शहर के पैलेस मार्ग पर बनाए गए पौनी पसारी का बाजार शेड वीरान पड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार के प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत पारंपरिक व्यवसायों को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए योजना की शुरूआत की है। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा पैलेस मार्ग पर जेल तालाब के समीप पौनी पसारी योजना के तहत बाजार शेड का निर्माण कराया गया है, जिसका निर्माण कराए एक वर्ष से अधिक समय बीत गया, बावजूद इसके पौनी पसारी बाजार शेड आबाद नहीं हो पाया है। इस दिशा में पहल कर छोटे व्यापारियों को उक्त बाजार शेड में व्यवस्थित करने की जरूरत है, जिससे कि सड़क पर सब्जी दुकानें न लगे और पैलेस मार्ग पर आवागमन प्रभावित न हो।



पौनी पसारी से बना वीरान शेड ।

### अब भी सड़क पर सब्जी बाजार

शहर के बाजारपारा से होकर पैलेस की ओर जाने वाली सड़क किनारे अभी भी कई सब्जी की दुकानें लगती है। इस मार्ग पर हनुमान मंदिर के बाद सड़क किनारे अभी भी डेली सब्जी व्यापारियों के द्वारा अपनी दुकानें लगाते हैं, इसके कारण सड़क संकरा हो जाता है और आवागमन में परेशानी उत्पन्न करती है। कई बार तो शाम होने के दौरान सड़क किनारे लगने वाले सब्जी बाजार के कारण सड़क पर भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, जिसके कारण सड़क जाम की स्थिति बनती है, इसके कारण इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### लाखों का सब्जी मंडी खाली पड़ा

नगर पालिका प्रशासन के द्वारा राम मंदिर तालाब के पास लाखों रूपए खर्च कर सब्जी मंडी चबूतरे एवं शेड का निर्माण कार्य कराया जो कई वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरी तरह से आबाद नहीं हो पाया है। कुछ ही चतूबरे में बड़े सब्जी व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं और सब्जी मंडी के कई चबूतरे एवं शेड खाली पडे हुए हैं। इन जगहों पर सड़क पर अपनी दुकानें लगाने वालों को व्यवस्थित किया जा सकता है, लेकिन ऐसा करने का प्रयास भी असफल रहा है। यही कारण है कि वर्तमान में भी कई सब्जी व्यापारी पैलेस मार्ग के किनारे ही सब्जी की दुकानें लगाते हैं।

### व्यवस्थित करने की कवायद फेल

बाजारपारा में पैलेस मार्ग पर सड़क पर डेली सब्जी व्यापारियों को सब्जी मंडी क्षेत्र में व्यवस्थित करने की कवायद की गई थी, लेकिन यह फेल साबित हुआ। निकाय प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा कई बार पैलेस मार्ग पर लगने वाले छोटे सब्जी व्यापारियों को हटाने की कोशिश की गई थी, बावजूद इसके वर्तमान में कई सब्जी व्यापारी पैलेस सड़क मार्ग के किनारे ही दुकान लगा रहे हैं। यदि सड़क पर सब्जी दुकान लगाने वाले सभी छोटे सब्जी व्यापारियों को पौनी पसारी बाजार शेड में व्यवस्थित कर दिया जाता है तो सड़क पर सब्जी की दुकान नहीं लगेगी, इससे सड़क पर जाम की स्थिति नहीं होगी और इस मार्ग पर आवागमन भी बाधित नहीं होगा।

# ट्रेन से कटकर महिला ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रेन से कटकर एक महिला ने अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर चरचा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कटोरा-बैकुंठपुर स्टेशन के बीच पोल क्रमांक 972/055104 के पास खरवत चेरवापारा निवासी श्रीमती कमलाबाई पति अरविंद कुमार चेरवा उम्र 38 वर्ष जून को ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी।

- जांच में जुटी चरचा पुलिस

घटना की सूचना रेल्वे ड्राईवर द्वारा बैकुंठपुर स्टेशन मास्टर को दी गई, जिसके बाद चरचा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई पूर्ण कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि महिला के बच्चे की मौत एक एक्सीडेंट में हो गई थी, जिसके बाद से वह काफी दुःखी चल रही थी।

# घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़

**मनेन्द्रगढ़।** बीती रात्रि वार्ड नंबर 22 क्वार्टर नंबर 2/1 सीएचएम कॉलोनी आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ में उर्मिला देवी एवं वार्ड नंबर 22 क्वार्टर नंबर 2/2 शांति पैकरा के घर के बाहर खडे दो वाहनों को अज्ञात चोरों द्वारा क्षति पहुंचाई गई।

- कांच तोड़े और निकाल लिए कार के दो चक्के

चोरों के द्वारा गाड़ियों का कांच तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया, इसके अलावा कार के दो चक्के निकाल कर ले गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास पतासाजी की गई तो वाहन के दोनों टायर तो मिल गए। फिलहाल पुलिस के द्वारा अज्ञात चोरों की पतासाजी की जा रही है।






# चौड़ीकरण की जद में आएंगे कई पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के भट्टीपारा में मुख्य मार्ग किनारे एक विशाल पेड़ की टहनियां पेड़ के चारों ओर फैली हुई है जो कि इस भीषण गर्मी में लोगों को छाया दे रही है, इसके नीचे कई कुछ व्यापारियों की दुकानें हैं, जिन्हें भीषण गर्मी में भी राहत मिलती रही।

वहीं इस पेड़ के नीचे से गुजरने के दौरान लोगों को भी शीतलता का अनुभव होता है, इसके अलावा मुख्य मार्ग किनारे स्कूलपारा में सड़क किनारे कई पुराने पेड़ हैं, जोकि सड़क चौड़ीकरण की जद में आने के कारण विकास की भेंट चढ़ जाएंगे। जानकारी के अनुसार शहर के स्कूलपारा व भट्टीपारा मुख्य मार्ग किनारे स्थित कई पेड़ रियासतकाल के लगाए हुए हैं, जो वर्तमान में विशाल पेड़ बन गए हैं, इसके नीचे से गुजरने पर लोगों को धूप का असर कम लगता है और शीतलता का अनुभव होता है। चौड़ीकरण में रियासतकाल में लगाए गए मुख्यमार्ग के कई पेड़ों की बलि चढ़ जाएगी।


विशालकाय पेड़।

### बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि

**मनेन्द्रगढ़।** बूथ क्रमांक 3 एवं 4 में संयुक्त रूप से डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर बलिदान दिवस के रूप में पुष्प अर्पित कर स्मरण किया। इस अवसर पर जेके सिंह, डॉ. रश्मि सोनकर, हीरालाल रजक सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मनेन्द्रगढ़ में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए डॉ. मुखर्जी ने व्यापक आंदोलन किया। भारत के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया था।

# पंचमढ़ी में स्काउट गाइड ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पंचमढ़ी मध्यप्रदेश में पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 19 से 24 जून तक किया गया।

शिविर में सम्मिलित होने के लिए कोरिया जिले के जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, अमरनाथ सिंह बेसिक स्कॉउट मास्टर, आशा एक्का बेसिक गाइड कैप्टन, अपूर्वा द्विवेदी बेसिक गाइड कैप्टन के साथ 14 स्काउट 14 गाइड सहित कुल 32 सदस्यीय दल बैकुंठपुर रोड रेल्वे स्टेशन से 18 जून को रवाना हुए। इसमें प्रति दिवस कोरिया जिले के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। शिविर में स्काउट भुनेश्वर ठाकुर, अमितेश राजवाड़े, सोमेश कुमार भगत, जितेन्द्र कुमार साहू, राजवेन्द्र पुरी, अमित कुमार, प्रीतम निधि, मिथिलेश, अनमोल, विनय सोनवानी, शेख आमिन, क्रिस देवांगन, अर्जुन पैकरा, बिट्टू सोनवानी एवं गाइड सुनंदा, आंचल, रानी साहू, साक्षी साहू, श्रेया भगत, संयोगिता ठाकुर, अनामिका गुप्ता, दीपशिखा राजवाड़े, काजल राजवाड़े, अरीना कुजूर, कृति सिंह, स्नेहा कुशवाहा, सुमन राजवाड़े, खुशबू राजवाड़े सम्मिलित हुए।









## खबर संक्षेप

### एसजीजीयू ने यूजी में प्रवेश के लिए खोला पोर्टल, पंजीयन 30 तक

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि ने नवीन शिक्षा सत्र के लिए स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। विवि ने प्रवेश पंजीयन के लिए अपना पोर्टल खोला है। विद्यार्थी अपने पसंद के कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए एसजीजीयू के पोर्टल पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।इस बार नई शिक्षा नीति के तहत सभी कॉलेजों में 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। प्रायोगिक तौर पर शासन ने इस पाठ्यक्रम को प्रदेश के स्वशासी कॉलेजों में प्रारम्भ किया था। राजीव गांधी पीजी कॉलेज में भी चार वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित हो रहा था। पीजी कॉलेज पिछले दो वर्षों से स्वयं के पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन मंगा रहा था। अब सभी कॉलेजों में एक समान पाठ्यक्रम संचालित होने के कारण पीजी कॉलेज पीजी कॉलेज सहित एसजीजीयू से सम्बद्ध संभाग के सभी 86 शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एसजीजीयू के पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि संबन्धित कॉलेजों को विद्यार्थियों की सूची भेजेगा। कॉलेज प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश देंगें। कुल सचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि आवश्यकता पड़ी तो आवेदन की तिथि बढ़ाई जाएगी लेकिन हर हाल में 14 अगस्त के पूर्व प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस सम्बंध में प्राचार्यों को भी विभिन्न माध्यमों से विद्यार्थियों को सूचना देने के लिए कहा गया है ताकि समय पर प्रवेश की प्रकिया पूरी की जा सके।

### राशन कार्ड का नवीनीकरण ई-केवाईसी 30 तक

**बलरामपुर।** जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी के लिए 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी कराने के लिए राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण हो। ऐसे हितग्राही जो शारीरिक रूप से निःशक्त हैं तथा उनके लिए नॉमिनी नियुक्त हैं उन्हें इस प्रावधान से छूट होगी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हितग्राही को खाद्य विभाग के वेबसाइट में जाकर राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर नियमानुसार दो विकल्प में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। खाद्य विभाग के एप के माध्यम से राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान संचालक के टेबलेट, मोबाइल में इंस्टॉल विभागीय एप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कराकर अथवा अपना राशनकार्ड नंबर तथा मोबाइल नंबर दर्ज कराकर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। ऑफलाइन मोड पर इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत करने के साथ-साथ आवेदक द्वारा लिखित आवेदन भी उचित मूल्य दुकान में जमा करना होगा। नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर आपके ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के माध्यम से सामान्य (एपीएल) कार्ड को छोड़कर शेष सभी कार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। सामान्य (एपीएल) कार्ड हेतु 10 रुपये की राशि निर्धारित है। नया राशनकार्ड प्राप्त करते समय वर्तमान में हितग्राही के पास उपलब्ध पुराना राशनकार्ड समर्पित किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने जिले के राशन कार्डधारियों से कहा है कि राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का ई-केवाईसी का कार्य 30 जून 2024 तक अवश्य पूर्ण कराएं।

### शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत



**कुसमी।** नगर पंचायत कुसमी में छत्तीसगढ़ के शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के आगमन पर शौण्डिक समाज के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ब्लाक के अध्यक्ष अरुण गुप्ता के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार जिला बलरामपुर में शौण्डिक समाज का भवन निर्माण हो रहा है उसी प्रकार कुसमी में भी सभी को मिलकर शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन निर्माण कराना है। उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के साथ एकजुटता एवं एक दूसरे की सहायता करने की बात कही। शौण्डिक समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन से समाज के लोगों को नई ऊर्जा मिली है जिससे अब समाज के विकास के लिए और तेजी से कार्य हो सकेंगे। बैठक के दौरान शौण्डिक समाज के जनक देव गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, बृजमोहन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बीके गुप्ता, सुनील गुप्ता, आलोक गुप्ता, दशरथ गुप्ता, विशाल गुप्ता, विवेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 के शेष...

### चुपके-चुपके सरगुजा पहुंचा...

होने का अनुमान लगा रहे हैं। शहर सहित सरगुजा संभाग में शनिवार तक लगातार तीन दिनों तक अच्छी वर्षा हुई लेकिन रविवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप रही। इस दौरान मानसून पहुंचा एवं पूरे संभाग में छाते हुए मध्य एवं उत्तर भारत की ओर अग्रसर हो गया। मौसम विज्ञानी के अनुसार मानसून संपूर्ण ओड़िसा को आच्छादित करते हुए झारखण्ड के दक्षिणी हिस्से एवं आधे मध्यप्रदेश तक प्रभावी हो गया है। आज मानसून की उत्तरी सीमा बेरावल, राजपिपला, उज्जैन, विदिशा, सीधी, चाईबासा, हल्दिया, पाकुर साहिबगंज एवं रक्सौल से गुजर रहा है तथा मानसूनी हवाएं एमपी,यूपी एवं बिहार की ओर अग्रसर हैं। मौसम विज्ञानी खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण एवं लो प्रेशर के प्रभाव से 26 एवं 27 जून को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही झमाझम वर्षा होने का अनुमान लगा रहे हैं।

### ननि एवं पीएमजीएसवाई ने बना दी सड़कें

# विद्युत विभाग की भूमि में अवैध अतिक्रमण के कारण अटका 33 केवी फीडर विस्तार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा शहर के बिशुनपुर में विद्युत वितरण कंपनी को आवंटित भूमि में अवैध अतिक्रमण के 132 केवी एवं 33 केवी के विस्तार का कार्य अटक गया है। विभाग पिछले पांच सालों से लगातार भूमि का सीमांकन कर रहा है लेकिन राजस्व कर्मी विवाद का निवारण करने के बजाय भूमि की स्थिति को ही बदल दे रहे हैं। इधर आवंटित भूमि को लेकर विवाद होने के कारण विस्तार का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

**खास बातें**
- अन्य लोगों ने भी जमा लिया है कब्जा
- फीडर विस्तार से मिलेगी अघोषित कटौती से मुक्ति

शहर में लगातार बढ़ रही विद्युत खपत एवं आए दिन हो रही अघोषित विद्युत कटौती से बचने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने शहर सहित पूरे सरगुजा में अधिक क्षमता का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना करने की योजना बनाई है तथा विभाग को विद्युत वितरण केन्द्रों की स्थापना के लिए स्थल चिन्हांकित करने निर्देशित किया है। जब तक भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं होती प्रस्तावित योजनाओं की स्वीकृति संभव नहीं है। विद्युत आपूर्ति में आए दिन आ रहे व्यवधान के कारण विभाग काफी दबाव में है। शासन द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को विशुनपुर में खसरा क्रमांक 28/26 एवं 38/11 रकबा 1.69 एवं 1.043 हेक्टेयर कुल 2.66 हेक्टेयर भूमि वर्षों पूर्व आवंटित किया गया है। आवंटित भूमि के आधे हिस्से में पूर्व से विद्युत उपकेन्द्र संचालित है। विभाग ने खसरा क्रमांक 38/17 के 1.69 हेक्टेयर में स्वीच यार्ड का विस्तार करने फेसिंग को शिफ्ट करने की योजना बनाई है लेकिन भूमि में आंबा केन्द्र सहित अन्य अवैध निर्माण होने के कारण योजना पर ब्रेक लग गया है।



विभाग की भूमि में बने अवैध मकान।

**विभाग भी बेपरवाह**

शासकीय विभाग किस तरह शासन की राशि का दुरूपयोग करते हैं यह विद्युत वितरण कंपनी को आवंटित भूमि में किए गए निर्माण कार्यों से अनुमान लगाया जा सकता है। ननि ने स्थिति की जानकारी लिए बिना ही विभाग की भूमि 7 मीटर चौड़ी सड़क बना दी। प्रशासन द्वारा इसी भूमि में आबां भवन का निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत विभाग द्वारा भूमि के बीच से केशवनगर-सांडबार सड़क का निर्माण किया गया है। भूमि के बड़े क्षेत्र में अतिक्रमण कर इंदिरा आवास एवं अन्य घरों का निर्माण किया गया है। विद्युत अधिकारी स्वयं के व्यय से दूसरी सड़क बनाने के लिए ननि एवं पीएमजीएसवाई की अनापत्ति लेने कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी अनापत्ति भी नहीं दे रहे हैं। जल्द विवाद का निराकरण नहीं हुआ तो विद्युत विस्तार का कार्य खटाई में पड़ सकता है।

**तीन फीडर का विस्तार प्रस्तावित**

विभाग की योजना स्वीच बोर्ड का विस्तार एवं फेंसिंग शिफ्टिंग करने के साथ ही 132 केवी एवं 33 केवी का तीन फीडर विस्तार करने की योजना है। एक फीडर से नवापारा खदान, दूसरे फीडर से मेडिकल कॉलेज एवं तीसरे फीडर से शहर में विद्युत आपूर्ति करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में एकमात्र 33 केवी उपकेन्द्र से आपूर्ति होने के कारण कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित विस्तार से ये बाधाएं खत्म हो जाएगी।

**किया जा रहा संपर्क**

स्वीच बोर्ड विस्तार की बाधाओं के निराकरण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों एवं अतिक्रमणकारियों से नियमित संपर्क किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध मे पत्राचार भी किया गया है। अनापत्ति मिलने पर स्वयं के व्यय से सड़के बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

-रंजना खलखो
ईई, ट्रांसमिशन, विद्युत वितरण कंपनी



## जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोविंद नारायण जांगडे, कलेक्टर रोहित व्यास व पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने आज जिला जेल का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा कारागार में व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली तथा बंदियों के बैरक में जाकर उनसे चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीमार बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी हालचाल लिए गए और रसोई घर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा, बैरकों की स्थिति, भोजनालय, स्नानघर, शौचालय, चिकित्सा व्यवस्था आदि बिंदुओं पर बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान डायमंड कुमार गिलहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डाली ध्रुव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आए दिन ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा नागरिक अधिकार मंच द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय व रेलवे बोर्ड के सीईओ को पत्र लिख ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को हो रही असुविधाओं से अवगत कराते हुए इनके व्यवस्थित संचालन कराने की मांग की है।

पीएमओ व रेलवे बोर्ड के सीईओ को भेजे पत्र में सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि सरगुजा पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां आवागमन के सीमित साधन ही उपलब्ध हैं, सरगुजा संभाग में कोयला प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोयला खदानों के कारण देश के अलग अलग कई प्रांतों के नागरिक यहां निवास करते है जो खदानों में कार्यरत है अथवा कुछ की जीविका इस पर निर्भर है, इन्हें मूल निवास आने जाने सहित स्थानीय लोगों को पढ़ाई, चिकित्सा के लिए रायपुर, बिलासपुर अथवा नागपुर आने जाने में भारी असुविधाओ का सामना करना पड़ता है जिसकी मुख्य वजह ट्रेनों की लेटलतीफी से संचालन है।

- सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने पीएमओ एवं रेलवे बोर्ड को लिखा पत्र

अम्बिकापुर से संचालित होने वाली 18242 अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस जो अम्बिकापुर से रात्रि साढ़े दस बज चलकर जिसका रायपुर पहुँच समय दूसरे दिवस प्रातः आठ पैंतीस बजे है यह गाड़ी अक्सर विलंब से रायपुर पहुंचती है जिस कारण सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ के यात्रियों को गंतव्य से आगे की यात्रा करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन के विलम्ब से रायपुर पहुंचने से दक्षिण भारत, मुम्बई व उत्तर भारत की गाड़ियां छूट जाती है जिससे सरगुजा के नागरिक अपने आपको ठगा महसूस करते हैं। साथ ही प्रातः हवाई यात्रा के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों के यात्रा से लोग वंचित रह जाते हैं। वही प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों को भी ट्रेनों की लेट लतीफी से कई बार परीक्षा से वंचित होना पड़ जाता है जो आर्थिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित होते हैं। ट्रेनों के समय पर नही पहुंचने से मेडिकल जांच,अस्पताल में दिखाने व नंबर लगाने की सुविधा से वंचित रह जाते हैं।पत्र में नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि यदि अम्बिकापुर दुर्ग ट्रेन अगले दिन प्रातः सात बजे रायपुर पहुंच जाए तो जोन की प्रमुख गाड़िया यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए मिल जाएंगी जिससे उनकी यात्रा सुगम हो जाएगी साथ ही हवाई यात्रा के लिए भी आसानी होगी। पत्र में अम्बिकापुर दिल्ली सुपर फास्ट ट्रेन का ठहराव बिश्रामपुर स्टेशन में नहीं देने से नगर समेत आसपास के यात्रियों को हो रही असुविधा पर ध्यान आकर्षित कर बिश्रामपुर स्टेशन में इसके ठहराव की मांग के साथ इसका नाम सरगुजा सुपर फास्ट एक्सप्रेस किए जाने की मांग की है। सरगुजा नागरिक अधिकार मंच के सदस्यों अंशुमान तिवारी, प्रदीप गर्ग, रामरतन मित्तल, वीरेश सिंह, जतिन तायल, अशोक जिंदल, रामचंद्र गोयल ने प्रेषित पत्र को संज्ञान में लेते हुए पीएमओ से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## जल-जीवन मिशन में कांग्रेस सरकार ने किया घोटालाः अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- उप मुख्यमंत्री अरुण साव से प्रदेश प्रवक्ता ने की शिकायत

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने सरगुजा संभाग में जलजीवन मिशन योजना के कार्यों में की गई गड़बड़ी की शिकायत उप मुख्यमंत्री अरुण साव से की है।

उन्होंने भारत सरकार के नल से जल, जल जीवन मिशन योजना के तहत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पीएचई द्वारा बलरामपुर, सरगुजा व सूरजपुर जिले में किए गए कार्यों में गड़बड़ी की जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सुलभ व्यवस्था बनाने मोदी सरकार के भागीरथी प्रयास को बुरी तरह से लूटने का प्रयास पूर्व की भूपेश बघेल की कांग्रेस में किया गया है। हजारो करोड़ का काम होने के बाद भी 80 प्रतिशत गांव में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कहीं पाइप लाइन बिछाकर नल पोस्ट खड़े कर दिए गए है तो कहीं ओवरहेड टैंक ही नहीं है। वहीं कई थानों पर जल स्त्रोत नहीं है। उन्होंने बताया कि सरगुजा के उदयपुर, मैनपाट, सूरजपुर जिले प्रतापपुर, प्रेमनगर, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़, कुसमी सहित अन्य स्थानों पर कार्य पूर्ण होने के बाद भी योजना का लाभ आमजन को नही मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में इस योजना में निरंतर भ्रष्टाचार बंदरबांट की शिकायत प्राप्त हो रही थी। जमीनी स्तर पर काम होने के बाद भी यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। यही कारण है कि ग्रामीणजन हैंडपंप की मांग करते नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार अस्तित्व में आने के पूर्व वर्ष 2021-22 में वर्क आर्डर ले-आउट की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी जो ज्यादातर स्थानों पर अपूर्ण है एवं मनमानी कार्य को अमलीजामा पहनाया गया है। उन्होंने मामले में प्राक्कलन और भुगतान के आधार पर जांच कराकर आवश्यक रिकवरी कराने और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## घर पर बच्ची ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजपुर।** छोटी बच्ची द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मरकाडांड निवासी 50 वर्षीय बुधराम 23 जून की सुबह खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था और उसकी बहु सुनीता ईंट भट्ठा गई हुई थी व पुत्र श्याम लाल भी राजपुर गया हुआ था। घर पर उसकी 11 वर्षीया नातिन विनीत उर्फ राधा आ. श्याल लाल गोंड मौजूद थी। सुबह लगभग 9 बजे बच्ची का पिता श्याम लाल घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में उसने अपनी बेटी को आवाज लगाई। अंदर से कोई आवाज नहीं आने और दरवाजा नहीं खुलने पर श्यामलाल ने दरवाजे को लात मारकर तोड़ा। युवक जब अंदर पहुंचा तो उसकी बेटी घर के म्यार में साड़ी के सहारे फांसी से लटकी हुई थी। बेटी को फांसी पर झूलता देख पिता ने शोर मचाकर पड़ोसी शिव बालक को बुलाया और बच्ची को उन्होंने फांसी से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतिका के दादा ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है लेकिन छोटी बच्ची द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना से परिजन सदमें में है। पुलिस द्वारा पीएम रिपोर्ट के आधार पर वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

## व्यापमं की टीईटी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि से परेशान हुए विद्यार्थी

**रायगढ़।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून को ली गई सीजी टेट उच्च प्राथमिक विभाग के लिए आयोजित परीक्षा में तकनीकी त्रुटि पाई गई। इसकी वजह से परीक्षार्थियों को परेशान होना पड़ा। वही बहुत से परीक्षार्थियों का उत्तर भी गलत हो गया। इस प्रश्न को देखकर परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। परीक्षार्थियों का समय भी इसमें बर्बाद हुआ। क्वेश्चन पेपर के सेट डी में प्रश्न क्रमांक 55, 56 और 57 उचित क्रम में नहीं था। प्रश्न क्रमांक 57 में एक हिन्दी में पैराग्राफ दिया गया था। इसे पूरा ध्यान से पढ़ने के बाद ही संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने थे। इससे संबंधित तीन प्रश्नू पूछे गए थे। तकनीकी की त्रुटि यह रही कि उत्तर पहले पूछा गया और प्रश्न को बाद में अगले पेज पर प्रकाशित किया गया था। इसके चलते बहुत से परीक्षार्थियों ने पैराग्राफ पढ़े बिना ही उत्तर बना लिया था। इसकी वजह से बहुत से परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। जिन परीक्षार्थियों ने सचेत होकर इन सभी प्रश्नों को हल किया। उनके ही उत्तर सही हो सके हैं। इस त्रुटि के चलते परीक्षार्थियों को बोनस अंक मिलना चाहिए। अभिभावक संस्कार श्रीवास्तव ने इस संबंध में व्यापम को शिकायत भेज दी है।

## लकवाग्रस्त वृद्ध की जलने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लकवाग्रस्त एक वृद्ध की रविवार को घर में जलकर मौत हो गई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पेंडरखी निवासी 75 वर्षीय जंगी दास पिता गंवटिया दास पिछले तीन महीने से लकवाग्रस्त बीमारी से पीड़ित था। वृद्ध को घर में देखरेख का कार्य उसका भतीजा लक्ष्मण दास करता था।

इसी बीच रविवार की दोपहर में वृद्ध के बिस्तर में आग लगने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कबीर पंथ कार्यक्रम में शामिल हुई सामरी विधायक उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी




सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में कुसमी सेमरा के कबीर पंथ धर्म के अनुयायियों द्वारा पूजा अर्चना का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड के बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। इस बीच श्रद्धालुओं द्वारा रैली निकाली गई। आज के कबीर पंथ पूजा अर्चना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा सहित उपस्थित सभी अतिथियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक उदेश्वरी पैकरा द्वारा लोगों को गुरु के बताए हुए मार्ग में चल कर जीवन को सुदृण बनाने की बात कही। वहीं कबीर पंथ के पदाधिकारियों द्वारा गुरु के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने से मानव जीवन सफल होने की बात कही। विधायक से सेमरा के कबीर पंथ के लिए एक मंगल भवन स्वीकृत कराने की मांग रखी गई जिस पर सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा द्वारा मंगल भवन की व्यवस्था भविष्य में स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।

## दिव्यांग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार


**अंबिकापुर।** नाबालिग के दिव्यांग होने का फायदा उठाकर युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब किशोरी गर्भवती हो गई। परिजन की पूछताछ के दौरान बोलने और सुनने में असमर्थ किशोरी अपनी मां को लेकर आरोपी युवक के घर तक पहुंच गई। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी जन्म से गूंगी और बहरी है। कुछ माह पूर्व उसकी मां ने गर्भावस्था के बारे में पूछा तो युवती ने बुधराम के घर की ओर इशारा किया और अपनी मां को लेकर बुधराम के घर ले गई जहां उसने बुधराम के पुत्र कौशल का हाथ पकड़ लिया और इशारों में मां को बताया कि एक वर्ष पूर्व युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर लगातार वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। महिला 21 जून को पुलिस के पास अपनी पुत्री के साथ पहुंची थी। महिला की शिकायत पर पर पुलिस ने जांच उपरान्त लखनपुर कोसगा निवासी 24 वर्षीय कौशल आ. बुधराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और उसके बाद घर ले जाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशोरी 2 वर्ष पूर्व शादी समारोह में शामिल होने गई हुई थी। इस दौरान शादी में रवि कुमार नामक युवक भी पहुंचा हुआ था। शादी में दोनों के बीच जान पहचान हो गई। युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी लगातार किशोरी से दुष्कर्म करता रहा और जब भी वह शादी की बात करती थी तो आरोपी टालमटोल कर देता था। लगभग 2 सप्ताह पूर्व आरोपी रवि कुमार किशोरी को अपने घर ले गया और कुछ दिन ठीक से रखने के बाद उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके साथ ही आरोपी ने किशोरी को जान से मारने की धमकी दी।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736






| Ambikapur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airpor / Banaras / Bhilai | 4999 | 7999 | 2999 |
| Bilaspur / Korba/ Anuppur | 2999 | 4999 | 1999 |
| Jabalpur / Rewa Prayagraj / Satna | 7999 | 11999 | 4999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp





By Train-रिजर्वेशन कोच
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024,
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
12 सितम्बर से 24 सितम्बर 2024,
02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411